हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 13 मई 2026

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

10 नर्सिंग मानवता की सेवा का सबसे पवित्र माध्यम....



10 ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों को लेकर किया जागरूक



## खबर संक्षेप

### नाबालिग से अश्लील हरकत, मां-बाप को पीटा

जींद। सदर थाना इलाके में नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत करने तथा पीड़िता के माता-पिता के साथ मारपीट करने पर पुलिस दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सदर थाना इलाके की एक नाबालिग लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव का ही अशोक उस पर बुरी नजर रखता है। गत दिवस गली से गुजर रही थी तो आरोपित ने उसका हाथ पकड़ लिया। जब उसके पिता ने आपत्ति जताई तो आरोपित तथा उसकी पत्नी ने उसके पिता के साथ मारपीट की।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

राजौंद। पूंडरी मार्ग पर मंडवाल रोड के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे के आसपास बाइक सवार गांव भाना निवासी युवक 28 वर्षीय बिंद्र राजौंद से पूंडरी मार्ग पर गांव सेरधा की ओर जा रहा था। सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गई।

### शादी में आए व्यक्ति की रिवाल्वर गायब, केस दर्ज

जींद। गांव शामलो कलां शादी में आए व्यक्ति का रिवाल्वर गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मुंढाल निवासी धीरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव शामलो कलां में जानकार के यहां शादी में आया हुआ था। खाना खाते समय उसने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर को मेज पर रख दिया। उसी दौरान गायब हो गया। पूछताछ करने तथा तलाशने पर उसके रिवाल्वर का कोई सुराग नही लगा।

### भूमि विवाद में दो पक्षों में फायरिंग, कोई हताहत नही

जींद। गांव दुड़ाना में बीती शाम जमीन विवाद के चलते दो पक्ष आमने सामने हो गए। दोनों तरफ से फायरिंग की गई। गनीमत यह रही कि कोई हताहत नही हुआ। घटना की सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। अलेवा थाना पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर चार लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

### बात्ता के पास सड़क हादसे में बुजुर्ग की जान गई

कैथल। गांव बात्ता के पास सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार बुजुर्ग सामने से आए अज्ञात वाहन से बचने के प्रयास में असंतुलित होकर सड़क पर गिर गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। गांव बात्ता के 65 वर्षीय रामदिया बाइक पर सवार होकर कलायत से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के नजदीक पहुंचा तो सामने से अचानक एक वाहन आ गया। वाहन से बचने के प्रयास में उसकी बाइक असंतुलित हो गई और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### कैथलः अवैध पिस्तौल सहित आरोपी दबोचा

कैथल। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट को एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक थाना सदर क्षेत्र से अवैध पिस्तौल .32 बोर सहित आरोपी काबु किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एचसी अनिल कुमार की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान गांव पाडला क्षेत्र में मौजूद थी।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने घोषित किया 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम

# जींद की तमन्ना कॉमर्स संकाय में प्रदेश में टॉपर आर्ट में योगिता-मुस्कान संयुक्त रूप से तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इसमें जींद जिला 91 प्रतिशत परिणाम के साथ प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा। जबकि पिछली बार जींद जिला प्रदेश में 91.05 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप पर था। इस बार 91.08 प्रतिशत परिणाम के साथ चरखी-दादरी जिला प्रदेश में टॉप पर रहा है। इस बार जींद जिले में 14 हजार 483 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी है। जिसमें से 13 हजार 180 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 1022 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई है और 281 विद्यार्थी फेल हो गए हैं। 12वीं कक्षा के परिणाम में आर्ट संकाय में शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल बुडायन की छात्रा योगिता व ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल धमतान साहिब की छात्रा मुस्कान संयुक्त रूप से 497 अंकों के साथ प्रदेश में तीसरे स्थान पर रही। वहीं कॉमर्स संकाय में एसडी कन्या महाविद्यालय नरवाना की छात्रा तमन्ना 494 अंकों के साथ प्रदेश में टॉपर रही। इसके अलावा न्यू एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खरल के विद्यार्थी लक्ष्य कुमार व एसडी कन्या महाविद्यालय नरवाना की छात्रा धृति व अंशिका 492 अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। पिछले साल हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 12वीं कक्षा के परिणाम में 91.05 प्रतिशत परिणाम के साथ जींद प्रदेश में टॉप पर रहा था। जींद के दो विद्यार्थियों एसडी कन्या महाविद्यालय नरवाना की छात्रा यशिका कामर्स संकाय में 495 अंक लेकर प्रदेश में दूसरे और डीएन मॉडल स्कूल की छात्रा सरोज ने कला संकाय में 494 अंक लेकर प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया था। जिले के 12 हजार 248 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 11 हजार 152 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। 879 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई थी और 217 विद्यार्थी फेल हो गए थे। जबकि इससे पहले जींद जिले 90.07 प्रतिशत परिणाम के साथ प्रदेश में चौथे स्थान पर था। उस समय 13 हजार 670 विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी थी। जिसमें से 12 हजार 313 विद्यार्थी पास हुए थे। 1126 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई थी और 231 विद्यार्थी फेल हुए थे। जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 12वीं कक्षा के परिणाम में जींद जिले के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। 91 प्रतिशत परिणाम के साथ जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा है। इसके लिए सभी विद्यार्थी व शिक्षक बधाई के पात्र हैं। प्रदेश के टॉप 3 विद्यार्थियों में जींद जिले की दो छात्राएं भी शामिल हैं। उम्मीद है कि विद्यार्थी लगातार बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### 91% परिणाम के साथ जींद प्रदेश में द्वितीय



जींद। मुस्कान को सम्मानित करते प्रिंसिपल एवं अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

### सीए बनना लक्ष्यः तमन्ना



कॉमर्स संकाय में नरवाना के हरि नगर की रहने वाली तमन्ना ने 494 अंकों के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। तमन्ना एसडी कन्या महाविद्यालय नरवाना की छात्रा है। उनके पिता अनिल दुकानदार हैं और मां बबीता गृहणी हैं। तमन्ना सीए बनना चाहती हैं। मंगलवार को जब परीक्षा परिणाम जारी हुआ तब बबीता हिसार थी। जैसे ही परिवार को कामर्स संकाय में तमन्ना के प्रदेश में टॉप करने की सूचना मिली तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। तमन्ना ने कहा कि अध्यापकों द्वारा जो पढाया उसका घर पर ही रिवीजन किया। अभिभावकों ने भी पढाई में पूरा साथ दिया।

### सिविल सर्विस लक्ष्य : मुस्कान



कुछ करने का जज्बा हो और लक्ष्य का निर्धारण कर आगे बढ़ें तो सफलता अवश्य कदम चूमती है। ऐसी की कुछ कर दिखाया है गांव धमतान साहिब की मुस्कान ने। 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 497 अंक लेकर मुस्कान ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। मुस्कान के पिता कृष्ण खेतीबाड़ी करते हैं। जबकि मां गुड्डी साधारण गृहणी है। बड़ा भाई अजय बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। मुस्कान की उपल्बधि पर पर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। मुस्कान का लक्ष्य सिविल सर्विस में जाने का है। जिस समय परिणाम घोषित हुआ उस मुस्कान के पिता खेत मे काम कर रहे थे।

### बांगर की बेटी योगिता का आईएएस बनने सपना



उचाना। बांगर की बेटी योगिता ने हयािणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा परीक्षा परिणाम में आर्ट संकाय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। योगिता पुत्री बलवान काकड़ोद गांव की है जो बुडायन गांव के शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल की छात्रा है। 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम को लेकर कई दिनों से इंतजार था। योगिता किसान परिवार से है। दो भाई बहनों में वो बड़ी है। योगिता के अनुसार 10वीं कक्षा में भी वो प्रदेश में तीसरे स्थान पर रही थी। परीक्षा परिणाम की जानकारी मिलने के बाद उसने खुद अपने परिणाम को देखा तो पता चला कि हरियाणा में तीसरा स्थान पाया है। हरियाणा में टॉप तीन में आने पर पूरे परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आसपास के पड़ोस से लोग बधाई देने के लिए आने लगे तो जानकारों के फोन बधाई के लिए आने लगे। योगिता ने बताया कि उसके पिता बलवान श्योकंद चार एकड़ की खेती करते है तो माता कविता देवी गृहणी है। आईएएस बनने उसका सपना है। वो 7 घंटे पढ़ाई करती थी। मोबाइल सिर्फ पढ़ाई के लिए इस्तेमाल किया। कोई भी सोशल मीडिया पर उसका अकाउंट नहीं है। 497 नंबर प्राप्त करके तीसरा स्थान प्रदेश में पाया है। अंग्रेजी 98, हिंदी 100, लोक प्रशासनिक 97, इतिहास 99, फिजिकल एजुकेशन 100, भूगोल 100 अंक प्राप्त किए।

## कैथलः छात्रा मुस्कान ने 492 अंक प्राप्त कर जिले में पाया प्रथम स्थान

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणाम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखोली अड्डा कैथल की छात्रा मुस्कान ने 492 अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। गांव चंदाना की छात्रा मुस्कान ने आर्ट्स संकाय में 492 अंक प्राप्त किए हैं। मुस्कान की इस उपलब्धि से परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उसने बताया कि नियमित पढ़ाई, अनुशासन और आत्मविश्वास के दम पर यह सफलता हासिल हुई है। मुस्कान ने बताया कि उसने सोशल मीडिया का प्रयोग केवल पढ़ाई के लिए किया है। इसके अलावा अन्य चीजों में दूरी बनाई। परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन और पुराने प्रश्न पत्रों की तैयारी से उसे काफी मदद मिली। पिता राजेंद्र एडवोकेट हैं और कैथल के कोर्ट में ही अपनी प्रेक्टिस कर रहे हैं। जबकि माता गृहिणी है। जबकि बड़ी बहन बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है और छोटा भाई भी पढ़ाई कर रहा है। प

बधाई देने वालों का लगा तांताः परिणाम आने के बाद मुस्कान के आर्ट्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने की जानकारी मिलने के बाद उसके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिजनों और शिक्षकों ने मिठाई खिला मुस्कान को शुभकामनाएं दीं। स्कूल प्रबंधन ने भी छात्रा की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया।जज बनने का सपनामुस्कान का कहना है कि भविष्य में जज बनकर न्यायपालिका सेवा में जाकर देश और समाज की सेवा करना चाहती है।मुस्कान ने विद्यार्थियों को संदेश देते कहा कि यदि वह लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें तो लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सकता है।

### जिला टॉपर मुस्कान का लक्ष्य जज बनना



कैथल। जिला टॉपर मुस्कान को मिठाई खिलाते परिजन। फोटो :हरिभूमि

### कैथल के 86.25 प्रतिशत विद्यार्थी पास

कैथल। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार सायं को 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। हालांकि इससे पूर्व यह परिणाम 17 मई को जारी होने की अटकलें लगाई जा रही थी। बोर्ड द्वारा जारी किया गए परिणाम के आंकडों के अनुसार इस बार जिला में 86.25 प्रतिशत बच्चे पास हुए जो पिछले पांच सालों में सबसे कम हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के रिकार्ड अनुसार इस बार जिले में कुल 11989 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 10340 विद्यार्थी पास हुए। वहीं, 1240 विद्यार्थियों की रि-अपीयर आई है। यही नहीं इस बार 409 विद्यार्थी फेल हुए हैं। यदि राज्य की पास प्रतिशत की बात की जाए तो जिला कैथल 10वें स्थान पर आया है। चरखी दादरी जिले का परीक्षा परिणाम पूरे प्रदेश में सबसे बेहतर रहा, जहां 91.08 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। साल 2025 जिले का पास प्रतिशत 89.20 रहा था, जो इस बार करीब 3 प्रतिशत कम रहा है। हालांकि यह बोर्ड के परीक्षा परिणाम से 1.58 प्रतिशत तक अधिक है। बोर्ड का परीक्षा परिणाम 84.67 प्रतिशत रहा है। कार्यकारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा ने बताया कि जिले का 12वीं कक्षा का बोर्ड का परिणाम बेहतर रहा है। इसमें 86.25 प्रतिशत बच्चे पास हुए। भविष्य में इसे और बेहतर बनाया जाएगा।

## कनाडा में रह रहा भतीजा बन चाचा को लगाया साढ़े पांच लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया धोखाधडी का केस

कनाडा में रह रहा भतीजा बन कर साइबर ठगों ने चाचा को साढ़े पांच लाख रुपये हड़प लिए। शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जलालपुरा कलां निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा हिमांशु पिछले एक साल से कनाडा में पढाई कर रह रहा है। गत 20 अप्रैल को उसके फोन पर व्हाट्सअप कॉल आई। उसने कहा कि चाचा में हिमांशु बोल रहा हूं। परिवार की राजी खुशी पूछने के बाद उसने कहा कि चाचा वह कुछ राशि आपके खाते में डालना चाहता है। अपने खाते का लिंक भेज दो। जिसके कुछ समय के बाद उसके फोन पर 15 लाख 15 हजार आने का मैसेज आया। फिर कॉल और आई। जिसमें उसके खाते में विदेश से राशि आने की बात कही। साथ राशि 24 घंटों के बाद निकलवाने को कहा। लगभग आधा घंटे के बाद हिमांशु ने कहा कि उसके दोस्त की माता बीमार है। उसे रुपयों की जरूरत है। तीन लाख रुपये दे देना। अपने दोस्त का नंबर भी दिया। कुछ समय के बाद उसी नंबर से कॉल आई। जिसने खुद को हिमांशु का दोस्त बताया। जिस पर उसने दो लाख रुपये दिए गए खाते में भेज दिए। जिसके बाद और रुपयों की डिमांड की गई। जिसके बाद हिमांशु की कॉल आई और रोते हुए दोस्त को एक लाख रुपये और देने को कहा। जिसके बाद हिमांशु के दोस्त की कॉल आई। जिसने कहा कि अगर राशि नही दी तो हिमांशु के साथ अच्छा नही होगा। जिस पर उसने भतीजे की जान खतरे में जान डेढ़ लाख और आरोपितों के खाते में भेज दिए।

## नपा कर्मियों ने नेशनल हाइवे तक किया प्रदर्शन

■ मांगों के पूरा होने तक हड़ताल लगातार जारी रखने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में नगर पालिका सफाई कर्मचारियों के तेवर हड़ताल के माध्यम से लगातार गर्म होते जा रहे हैं। मंगलवार को सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नगर पालिका कार्यालय भवन से लेकर नेशनल हाईवे तक प्रदर्शन किया। विरोधस्वरूप नारे लगाते हुए सरकार का पुलता फूंका। सफाई कर्मचारी संगठन प्रधान संजीव कुमार व नवीन कुमार ने कहा कि मांगों के पूरा होने तक हड़ताल लगातार जारी रहेगी। शहर में फैल रही गंदगी और आम जनता को होने वाली परेशानियों के लिए सीधे तौर पर सरकार जिम्मेदार है। सरकार ने अपने शासनकाल में एक भी सफाई कर्मचारी को पक्का नहीं किया। कांग्रेस सरकार के समय बनाई गई कर्मचारी पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक अब हट चुकी है। हरियाणा सरकार उस पॉलिसी को लागू कर कर्मचारियों को नियमित नहीं कर रही है। सफाई सेवक अपने जीवन का अहम समय समाज और राष्ट्र की सेवा में लगा चुके हैं। बदले में उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। हड़ताल के जरिये कर्मचारी ने 8 मई को खुद भवन के अंदर स्थित प्रत्येक कक्ष एवं गैलरी में जाकर इन्हें खाली करने की सख्त चेतावनी दी थी। कर्मियों के कड़े रुख को देखते हुए जन प्रतिनिधियों व अधिकारी-कर्मचारी कमरों से बाहर आ गए। उपरांत सफाई कर्मियों ने भवन के मुख्य द्वार पर ताला जड़ते हुए नारेबाजी की थी। इस प्रकार के गर्म तेवर शायद हरियाणा प्रदेश की किसी नगर पालिका में पहली बार देखने को मिले हों। प्रदर्शनकारी मुख्य रूप से कर्मियों को पक्का करने, ठेका प्रथा समाप्त करने, डोर-टू-डोर कर्मचारियों को पैरोल पर लेने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने और वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग कर रहे हैं।



कलायत। नपा कार्यालय में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते सफाई कर्मी ।

## महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष में 17 को शहजादपुर अनाज मंडी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम

# किसान प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ाएं कदम : कृषि मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका/कैथल

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष में 17 मई को अंबाला के शहजादपुर अनाज मंडी में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मिजोरम राज्यपाल जनरल वी.के सिंह तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मंत्री श्याम सिंह राणा मंगलवार को गांव अगोंध, कसौर, पीडल, भुना, ककहेडी, पाड़ला और गोहरां खेड़ी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपना संबोधन दे रहे थे। मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम को बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाएगा, सभी इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि एवं आमजन भाग लेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है तथा युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। राज्य सरकार महापुरुषों की जयंती को सम्मान पूर्वक मनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि नई पीढ़ी को उनके जीवन संघर्ष और देश के प्रति योगदान की जानकारी मिल सके। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई ऊंचाईयों पर पहुँचाया है। भारत देश का डंका पूरे विश्व में बजता है। भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का एक लक्ष्य रखा है, जिसके लिए देशवासियों को आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ना होगा।



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते ग्रामीण

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महेंद्र सिंह चीमा, राजेश कुमार उर्फ पिंटू, गांव अंगोध के पूर्व सरपंच श्याम सिंह राणा, मदन सिंह राणा, देवेंद्र सिंह, कल्याण सिंह, बलविंद्र सिंह, ईश्वर सिंह, सोमनाथ, जिले सिंह राणा कसौर, अनिल, राजेंद्र सिंह, रणदीप सिंह, तेलू राम, महीपाल सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप-निदेशक रविंद्र सिंह, एसडीओ कंचल के अलावा अन्य संबंधित ग्रामीण मौजूद रहे।

## फैक्टरी के कर्मचारी ने की 30 लाख की धोखाधड़ी

■ मार्केट से पेमेंट कलेक्ट कर हुआ फरार, आरोपी के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ढांड रोड पर एक प्लास्टिक टैंक बनाने वाली फैक्ट्री के कर्मचारी पर करीब 30 लाख रुपए के गबन का आरोप लगा है। आरोप है कि कर्मचारी मार्केट से पेमेंट कलेक्ट कर कंपनी में जमा नहीं करवा रहा था और बाद में फरार हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में कैथल के अजय बंसल ने आरोप लगा बताया कि उनकी ढांड रोड स्थित आदित्य पॉलिमर इंडस्ट्रीज नाम से फर्म है, जहां वाटर टैंक बनाने का कार्य होता है। आरोप लगाया कि जनकपुरी कॉलोनी कैथल का जितेंद्र शर्मा पिछले करीब 5 साल से उनकी फर्म में मार्केटिंग कर्मचारी के रूप में काम कर रहा था। उसका मुख्य कार्य बाजार से पेमेंट कलेक्ट करना था। 18 मार्च 2026 को आरोपी कंपनी की गाड़ी में ड्राइवर रोहित के साथ नरवाना गया था। वहां उसने अलग-अलग पार्टियों से पेमेंट ली। आरोप है कि उसने नरवाना की एक फर्म से 16 हजार रुपये भी प्राप्त किए, जिसकी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग मौजूद है।

## खबर संक्षेप

### राकेश शर्मा तीसरी बार बने डिवीजन के अध्यक्ष

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की नरवाना डिवीजन की बैठक अध्यक्ष राकेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन सब डिवीजन उचाना अध्यक्ष मेहर सिंह ने किया। बैठक में नरवाना डिवीजन और सब डिवीजन की नई कार्यकारिणी का गठन करना था। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी से कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष शर्मा, प्रदेश कार्यालय सचिव लोकेश, जिला जींद कार्यकारिणी से जिला अध्यक्ष मोती मोर, सचिव योगेश शर्मा, कार्यालय सचिव सागर, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र, कोषाध्यक्ष कश्मीरी सैनी, उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा, सह कोषाध्यक्ष राकेश मलिक, सलाहकार शैलेंद्र, सदस्य संजय सेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सद्भाव यात्रा को मिला लोगों का जन समर्थन

**उचाना।** बृजेंद्र सिंह के साथ सदभाव यात्रा में निरंतर साया की तरह चल रहे पूर्व सरपंच प्रदीप झील ने कहा कि सदभाव यात्रा से प्रदेश में बड़ा बदलाव होता आने वाले दिनों में नजर आएगा। इस यात्रा को 85 हलके हो चुके है। यात्रा के जिस भी हलके में बृजेंद्र सिंह गए वहां उमड़ी भीड़ को केंद्र, प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में बताया तो जो स्थानीय मुददे उस हलके के थे उनको उठाने का काम किया।

### जहर से महिला बेसुध पति समेत तीन पर केस

**जींद।** संदिग्ध हालात में जहर से महिला के बेसुध होने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी कंवलजीत की पत्नी दिवेंद्र कौर को संदिग्ध हालात में जहर के प्रभाव में सफीदों के नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालात देख पीजीआई रेफर कर दिया लेकिन परिजन उसे पानीपत के निजी अस्पताल ले गए। महिला के हालात सुधरने पर उसने पुलिस को बताया कि उसके ससुरालीजन अक्सर उसके साथ झगड़ा करते हैं।

### एबीवीपी ने कुलपति से की मुलाकात

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सरला कॉलेज सफीदों की छात्राओं की लंबे समय से चली आ रही परीक्षा एवं परिणाम संबंधी समस्याओं को लेकर चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद प्रशासन के समक्ष जोरदार तरीके से मुद्दा उठाया गया। पिछले लगभग 18 महीनों से कॉलेज की 10 से 15 छात्राएं अपने रिजल्ट में हुई गड़बडियों के कारण लगातार परेशान हो रही थी। छात्राओं का आरोप था कि कॉलेज प्रशासन की लापरवाही एवं गलत मार्गदर्शन के कारण उन्होंने गलत परीक्षा दे दी।

### गेहूं के फसल अवशेष न जलाने की अपील

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के किसानों से अपील करते हुए कहा कि गेहूं की फसल कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेषों को आग न लगाएं। फसल अवशेष जलाना एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है। जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है तथा मानव, पशु, पक्षियों और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती है और मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं। इसके साथ ही कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन तथा अन्य हानिकारक गैसें वातावरण में फैलती हैं।

### ग्रामीणों ने बिजली निगम की टीम पर किया हमला

**कैथल।** ढांड के गांव पबनावा में खेतों में तार चोरी रोकने गए ग्रामीणों पर लाठी-डंडों और शराब की बोतलों से हमला कर दिया। हमले में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। ढांड थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत के आधार पर चार नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पबनावा के सोहन लाल ने बताया कि 9 मई की रात करीब 10 बजे वह साथी सुनील, मनीष, जयपाल और सोनू के साथ खेतों में तार चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए गया था।

# नर्सिंग मानवता की सेवा का सबसे पवित्र माध्यम : कर्मवीर सैनी

## अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर राजकीय महिला नर्सिंग कॉलेज सफीदों में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजकीय महिला नर्सिंग कॉलेज सफीदों में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी मुख्यअतिथि के तौर पर शामिल हुए। आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि का फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने नर्सिंग कार्यों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिनमें सेवा भावना और पेशे की गरिमा को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया। कर्मवीर सैनी ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नही बल्कि मानवता की सेवा का सबसे पवित्र माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब एक नर्स किसी मरीज की सेवा करती है तो वह केवल उपचार नहीं देती बल्कि उम्मीद, हिम्मत और जीवन का संबल प्रदान करती है। उन्होंने कोविड 19 महामारी के कठिन समय का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में नर्सों ने दिन-रात अथक परिश्रम कर समाज और राष्ट्र को मजबूती प्रदान की। नर्सें वास्तव में किसी भी स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती हैं। कर्मवीर सैनी ने कहा कि सफीदों का राजकीय महिला नर्सिंग कॉलेज ने बहुत कम समय में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान स्थापित की है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर अनेकों छात्राएं देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों जैसे एम्स, वेदांता और पीजीआई में सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि हाल ही में कॉलेज की 35 छात्राओं का चयन वेदांता मेडिकल संस्थान में हुआ है, जो कॉलेज की उपलब्धियों का प्रमाण है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय कॉलेज की प्राचार्या सुदेश चौधरी, उप प्राचार्या गरिमा, समस्त स्टाफ और छात्राओं की मेहनत एवं समर्पण को दिया। उन्होंने छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा और सेवा भाव से निभाएं तथा आधुनिक चिकित्सा तकनीकों का ज्ञान भी अर्जित करें। नर्सिंग क्षेत्र में ज्ञानए कौशल और मानवीय संवेदना का संतुलन आवश्यक है। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि जब कोई बेटी नर्स बनती है तो वह केवल अपने परिवार ही नही बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी निभाती है। महिला शक्ति ही समाज की वास्तविक शक्ति है। जब बेटियां आगे बढ़ती हैं तो परिवार, समाज और राष्ट्र प्रगति करते हैं।


राजकीय महिला नर्सिंग कॉलेज सफीदों में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कर्मवीर सैनी।

### ये रहे मौजूद

आज प्रदेश की बेटियां डॉक्टर, नर्स, अधिकारी, पुलिसकर्मी और सैनिक बनकर देश की सेवा कर रही हैं, जो गर्व की बात है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, अस्पतालों में सुविधाओं के सुधार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से न केवल रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं बल्कि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। साथ ही हरियाणा सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में छात्रवृत्तियां, उच्च शिक्षा को प्रोत्साहनए सुरक्षित कैंपस वातावरण और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। इस मौके पर तेजवीर सैनी, सुभाष जैन, राकेश जैन, रामकुमार तुषीर, जय सिंह सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

# मजदूर संगठनों ने प्रदर्शन कर फूंकी लेबर कोड की प्रतियां

## राज्य में न्यूनतम वेतन 23,196 रुपये सुनिश्चित करने की मांग

**गारमेंट्स मजदूरों पर लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मजदूर संगठनों ने मंगलवार को सीटू, किसान सभा, इंटक व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति मुख्यमंत्री व श्रम मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। विभिन्न जन संगठनों के कार्यकर्ता, मजदूर, किसानों ने अंबेडकर चौक रानी तालाब पर लेबर कोड्स की प्रतियां भी फूंकी। ज्ञापन के माध्यम से चारों लेबर कोड्स को रद्द करने की मांग की गई। प्रदर्शन से पहले रोष सभा को संबोधित करते सीटू जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र और सचिव संदीप जाजवान ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा घोषित 15,200 रुपये का न्यूनतम वेतन ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। न्यूनतम वेतन कानूनन हर पांच साल में रिवाइज होना चाहिए। जो 2020 में होना था। लेकिन सरकार ने इसमें छह साल की देरी की। उन्होंने मांग की कि पानीपत में 29 दिसंबर 2025 को गठित कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से पारित 23,196 रुपये के प्रस्ताव को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। साथ ही भट्ठा मजदूरों को भी इस नोटिफिकेशन में शामिल किया जाए। किसान सभा के राज्य अध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह, इंटक नेता धर्मबीर लोहान ने मानेसर में ऑटोमोबाइल और गारमेंट्स मजदूरों पर हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे मजदूरों को जेल भेजना और धारा 163 लागू करना लोकतंत्र की हत्या है। गिरफ्तार 55 मजदूरों को तुरंत रिहा करने और घायलों के मुफ्त इलाज की मांग की गई। उन्होंने मांग की कि राज्य में न्यूनतम वेतन 23,196 रुपये सुनिश्चित किया जाए। मानेसर से धारा 163 हटाई जाए और पुलिस दमन बंद हो। औद्योगिक दुर्घटनाओं में मृतक मजदूरों के परिजनों को 50 लाख व घायलों को 10 लाख रुपये मुआवजा मिले। मजदूरों को डबल रेट पर ओवर टाइम और सरकारी रेट पर एलपीजी गैस दी जाए। शहरी सफाई कर्मचारियों व अग्निशमन कर्मचारियों की मांगों का तुरंत समाधान हो। मजदूर विरोधी श्लेबर कोड्सश वापस लिए जाएं। इस मौके पर सतबीर खरल, कपूर सिंह, विक्रम सिंह सहित अनेक कर्मचारी नेता मौजूद रहे।


जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते श्रमिक। फोटो :हरिभूमि


उचाना। नपा परिसर में नारेबाजी करते सफाई कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### जगह-जगह फैला कूड़ा-कर्कट

**उचाना।** विभिन्न मांगों को लेकर नगर पालिका परिसर में सफाई कर्मचारी धरना दे रहे है। 1 मई से हड़ताल पर सफाई कर्मचारी चल रहे है। हड़ताल को बढ़ा कर 14 मई तक कर दिया गया है। विभिन्न मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चल रहे है। शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है। चौक, चौराहों पर कूड़ा-कर्कट में मुंह मार कर बेसहारा पशु सड़कों पर फैला रहे है। आने-जाने वाले राहगीरों, दुकानदारों, आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धरने पर वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती हड़ताल जारी रहेगी। संगठित होकर अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर कर्मचारी चल रहे है। प्रधान शीला देवी, राजेश राणा, संदीप, सोनू, अजमेर, सुरजी, ओमी, ओमपति, राजपति मौजूद रही।


जींद। बैठक के बाद निर्णय की जानकारी देते वैटनरी कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

# जींद : वीएलडीए टीकाकरण अभियान का करेंगे बहिष्कार

- भारत पशुधन एप की नई स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर की सभी गाइड लाइन पूरी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वीएलडीए संगठन ने एफएमडी व एचएस टीकाकरण अभियान को लेकर निर्णय लिया है कि जब तक विभाग भारत सरकार द्वारा निर्धारित भारत पशुधन एप की नई स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर की सभी गाइड लाइन पूरी नहीं करता, तब तक कोई भी वीएलडीए टीकाकरण कार्य शुरू नहीं करेंगे। वेटनरी सर्विस एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी जींद ने सभी जिला कर्मचारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। संगठन के जिला प्रधान अमन मोर, उपप्रधान अंकित कुमार, सचिव आशीष कुमार, खजांची अश्वनी कुमार, सहसचिव सचिन, ओमेश शर्मा ने कहा कि जिले में चार लाख से अधिक पशुओं का टीकाकरण होना था। उनकी राज्य कार्यकारिणी की तरफ से 28 अप्रैल को महानिदेशक को आगामी टीकाकरण अभियान के लिए निर्देश जारी करने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने संबंधी पत्र भेजा गया था। जिला स्तर पर भी उपनिदेशकों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं लेकिन अभी तक विभाग की ओर से कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि नई एसओपी की गाइडलाइन के तहत टीकाकरण से 15 दिन पहले पशुओं की डीवार्मिंग अनिवार्य है। इसके अलावा भीषण गर्मी में पशुओं पर पड़ने वाले तनाव, डाटा एंट्री आपरेटर की कमी और आवश्यक दवाइयों व संसाधनों की अनुपलब्धता के बीच वैक्सीनेशन कराना जोखिमपूर्ण और चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। राज्य कार्यकारिणी ने आशंका जताई है कि यदि एसओपी की गाइडलाइन के बिना कर्मचारियों द्वारा टीकाकरण किया जाता है तो जवाबदेही और कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि किसी अधिकारी द्वारा निर्धारित गाइडलाइन पूरी किए बिना कर्मचारियों पर टीकाकरण का दबाव बनाया गया तो संगठन कानूनी रास्ता अपनाते हुए माननीय उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटेगा।

### मालवी की सुख-शांति के लिए सरपंच ने शुरू की तपस्या

**जुलाना।** एक ओर जहां तपती गर्मी में साधु धुनों के बीच बैठकर तपस्या करते हैं वहीं दूसरी ओर मालवी गांव में गांव की सुख, शांति, समृद्धि और विकास की कामना को लेकर गांव के सरपंच राजेंद्र जांगड़ा ने विशेष तपस्या शुरू की है। सरपंच द्वारा 41 दिनों तक नौ धुनों के बीच बैठकर तपस्या की जाएगी। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव के लोगों में भी श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। सरपंच राजेंद्र जांगड़ा ने बताया कि भारतीय सनातन संस्कृति में तपस्या और साधना का विशेष महत्व माना गया है। हमारे पूर्वजों की आस्था रही है कि सच्चे मन और श्रद्धा से की गई तपस्या से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूरी होती हैं तथा समाज और परिवार में सुख व शांति बनी रहती है। कहा कि गांव में भाईचाराए खुशहाली और विकास बना रहे तथा गांव के लोग हर प्रकार की परेशानियों से दूर रहेंए इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने यह तपस्या शुरू की है। उन्होंने बताया कि नौ धुनों के बीच बैठ कर 41 दिनों तक नियम और अनुशासन के साथ साधना की जाएगी। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान, पूजा अर्चना और भजन व कीर्तन भी आयोजित किए।


जुलाना। मालवी गांव में तपस्या पर बैठा सरपंच। फोटो :हरिभूमि


जींद। एम्स की टीम स्कूल प्रबंधन के साथ। फोटो :हरिभूमि

### जाट स्कूल में एम्स चिकित्सक टीम ने जांची आंखें

**जींद।** जाट वमावि की कन्या शाखा रेलवे रोड पर एम्स दिल्ली से आए नेत्र आई सपेशिलस्ट डा. शोएब व उनकी पूरी टीम द्वारा विद्यालय के छात्र व छात्राओं की आंखों की जांच के शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र व छात्राओं की आंखों की निशुल्क जांच की । डा. शोएब व उनकी पूरी टीम का विद्यालय में पहुंचने पर विद्यालय के मुखिया प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने फूलमालाओं द्वारा स्वागत व अभिनन्दन किया। डा. शोएब की पूरी टीम ने सभी बच्चों की आंखों की बारीकी से जांच की व निशुल्क चश्में व दवाइयां दी। डा. शोएब ने सभी बच्चों को आंखों की सही देखभाल व सुरक्षा के उपाय बताए। आंखें हमारे लिए सबसे जरुरी अंग है। इनकी सही देखभाल व सुरक्षा करना सभी बच्चों का महत्वपूर्ण काम हैं। डा. शोएब ने बच्चों को बताया कि मोबाइल व टेलीवीजन को उचित दूरी से देखना, मोबाइल का काम प्रयोग करना, ताजे ठंडे पानी से आंखों को साफ रखना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी विद्यार्थियों के साथ साँझा की। उस अवसर पर प्राध्यापिका सुमन सहारन ने एम्स दिल्ली से आई पूरी टीम का व विशेष तौर पर डा. शोएब का हार्दिक धन्यवाद किया।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व देश के लिए गर्व और स्वाभिमान का प्रतीक : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

11 जनवरी से प्रारंभ होकर 11 जनवरी 2027 तक देशभर में मनाया जाने वाला यह पर्व हर परिवारजन की आस्था और धैर्य का प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर का इतिहास केवल एक मंदिर का इतिहास नहीं, बल्कि भारत की धैर्य, संघर्ष और पुनर्जागरण की गाथा है। इतिहास गवाह है कि जब-जब सोमनाथ पर प्रहार हुआ, तब-तब पूरे राष्ट्र की आत्मा आहत हुई, लेकिन हर बार भारत ने यह सिद्ध किया कि हमारी आस्था को कोई शक्ति समाप्त नहीं कर सकती। हम सभी का कर्तव्य है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं और अपनी संस्कृति, आस्था तथा स्वदेशी चेतना को और अधिक मजबूत करें। अत्री ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व देश के लिए गर्व और स्वाभिमान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में यह गौरवपूर्ण पर्व मनाने का अवसर मिला है।


सोमनाथ मंदिर जींद में पूजा-अर्चना करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

## जलालपुर खुर्द में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया फीवर मास सर्वे

# ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराय के तहत गांव जलालपुर खुर्द में स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीश सैनी की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। जिसमें टीम ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। टीम ने गांव में बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर ब्लड स्लाइड तैयार की गई व लैब में जांच के लिए भिजवाई ताकि समय रहते मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का पता लगाया जा सके। स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीश सैनी ने बताया कि टीम ने गांव में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर लोगों को मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों की जानकारी दी व जानकारी संबंधी पम्पलेट भी बांटे गए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि किसी को बुखार आता है तो उसे नजरअंदाज न करें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। क्योंकि समय पर इलाज से गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।


जींद। जलालपुरा खुर्द में पंपलेट बांट कर मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य जांचा

#### लक्षणों को हल्के में लेना खतरनाक

दिनेश कुमार व इंदु शर्मा ने मलेरिया के लक्षणों के बारे में बताते कहा कि इसमें ठंड लगने के साथ तेज बुखार आना, बार-बार बुखार चढना-उतरना, शरीर में कमजोरी, उल्टी और सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। ऐसे लक्षणों को हल्के में लेना खतरनाक हो सकता है। मच्छरों से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनें सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें और नीम के पत्तों का धुआं करें। बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच करवाएं। उधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के तहत बराहखुर्द गांव में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह व विजेंद्र सिंह की अगुवाई में रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही मातृशक्ति उद्यमिता योजना : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना का संचालन कर रही है।

इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को बैंकों के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से यह योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत डेयरीए उद्योग विभाग की सभी स्वरोजगार गतिविधियां शामिल की गई हैं। उन्होंने बताया कि इन गतिविधियों में यातायात सेवाओं के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढोने वाले वाहन, थ्रीव्हीलर, ई रिक्शा, टैक्सी आदि शामिल हैं। इसके अलावा सामाजिक एवं व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, फोटोस्टेट की दुकान, पापड़ बनाना, अचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आइसक्रीम निर्माण ईकाई, बिस्कुट निर्माण, टिफिन सर्विस तथा मिट्टी के बर्तन बनाने जैसे कार्य शुरू किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए महिला हरियाणा की स्थायी निवासी होनी चाहिए तथा परिवार की वार्षिक आय पांच लाख रुपये से कम होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### नपा कर्मचारी संघ राजौंद का धरना जारी

**राजौंद।** नगर पालिका कर्मचारी संघ राजौंद का धरना मंगलवार को 12वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान संदीप ने की, जबकि संचालन ब्लॉक सचिव रोहतास ने किया। धरने को समर्थन देने के लिए सीटू के जिला प्रधान कॉमरेड सत्यवान, सचिव नरेश , कोषाध्यक्ष मास्टर जयप्रकाश शास्त्री, खेत मजदूर नेता अमृतलाल, सीवन लाल, झंडा भट्ठा मजदूर यूनियन के राज्य अध्यक्ष रोहतास गोठवाल तथा जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान सावित्री देवी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंचे। नेताओं ने धरने को संबोधित करते कहा कि माननीय हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों के अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाना चाहिए।

### नर्सिंग सेवा की जनक फ्लोरेंस को किया याद

**पूंडरी।** एक किरण उम्मीद की एनजीओ द्वारा सरकारी अस्पताल पुंडरी में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस बड़े सम्मान, उत्साह एवं गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर अस्पताल की सभी नर्सिंग स्टाफ सदस्य एवं संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सों के अथक परिश्रम, सेवा भावना एवं मानवता के प्रति उनके समर्पण को सम्मान देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत आधुनिक नर्सिंग सेवा की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। पूरे अस्पताल परिसर में उत्साह एवं खुशी का माहौल देखने को मिला।

### विभिन्न विभागों की भूमिका, संसाधनों व आपसी समन्वय की समीक्षा

# कैथल में कल बाढ़ आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक ड्रिल

**राजकीय स्कूल कैथल तथा लघु सचिवालय के सरल केंद्र में की जाएगी मॉक ड्रिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

डीसी अपराजिता ने कहा कि 14 मई को जिले में दो जगह पर बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य आपदा के समय विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना तथा तैयारियों का आकलन करना है। मॉक ड्रिल को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसलिए सभी अधिकारी इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे घबराएं नहीं, यह सिर्फ एक अभ्यास है।

डीसी अपराजिता मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहीं थीं। बैठक में विभिन्न विभागों की भूमिका, संसाधनों और आपसी समन्वय की समीक्षा की गई। इससे पहले हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव और वित्त आयुक्त डा. सुमिता मिश्रा ने राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले बाढ़ मॉक अभ्यास की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

डीसी अपराजिता ने बताया कि मॉक अभ्यास सुबह नौ बजे शुरू होगा। इसके लिए जिले में दो मुख्य इंसिडेंट साइट निर्धारित की गई हैं, जिनमें कमेटी चौक स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र शामिल हैं। इन स्थलों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। एडीसी डा. सुशील कुमार इस मॉक ड्रिल के ऑवर ऑल इंचार्ज होंगे। बताया कि जिला स्तर पर आपातकालीन कार्यों के समन्वय के लिए लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में अस्थायी जिला एमरजेंसी ऑप्रेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। जहां वे स्वय अन्य वरिष्ठ अधिकारी वहीं से संपूर्ण गतिविधियों की निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास मानसून पूर्व तैयारियों को मजबूत करने में अत्यंत सहायक होते हैं। मॉक ड्रिल को लेकर प्रभावित लोगों के लिए राहत शिविर भी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि साथ ही इस मॉक ड्रील में आपदा मित्र स्वयंसेवकों, रेडक्रॉस स्वयं सेवकों, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, नेहरू युवा केंद्र संगठन एवं स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों को भी इस अभ्यास में शामिल करें। सभी अधिकारी अपने अपने संसाधनों की सूची को अपडेट करें।

#### मॉक ड्रील में घबराएं नहीं आमजन

डीसी ने कहा कि यह केवल एक मॉक ड्रिल है, वास्तविक आपदा नहीं, ताकि किसी प्रकार की अफवाह या घबराहट की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों एवं नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी और किसी को भी जोखिम में नहीं डाला जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एडीसी सुशील कुमार, एसडीएम संजय कुमार, गुहला चीका एसडीएम कैप्टन प्रमेश कुमार, डीएसपी बीरभान, डीआरओ चंद्रमोहन, रोडवेज जीएम कमलजीत चहल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक के नेतृत्व में पूर्व सरपंच सहित दर्जनों परिवारों ने की भाजपा ज्वाइन

- पूरे देश में मोदी लहर, कांग्रेस समाप्ति के कगार पर : लीला राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। पूर्व विधायक लीला राम के साथ भाजपा ज्वाइन करते संगतपुरा के ग्रामीण।

गांव संगतपुरा के दर्जनों परिवारों ने आज कांग्रेस पार्टी छोड़कर के भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की । गांव संगतपुरा में पहुंचे कैथल के पूर्व विधायक भाई लीलाराम के नेतृत्व में आज गाँव संगतपुरा में कांग्रेस पार्टी छोड़कर कई परिवारों ने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की। भाजपा ज्वाइन करने वालो में कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व सरपंच बलजीत गोपेरा सहित अनेक लोग भाजपा परिवार में शामिल हुए। इस मौके पर लीलाराम ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व पूरे देश में कायम हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी जहां भी चुनाव लड़ती है, कार्यकर्ताओं के दम पर और लोगों के सहयोग से आज सभी जगह चुनाव जीतकर सरकार बनाने का काम कर रही है। वहीं कांग्रेस अपने कर्मों के कारण समाप्ति की ओर बढ़ रही है। लीलाराम ने कहा कि आज पूरा देश आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पर विश्वास करता है, यही कारण है कि जिस भी प्रदेश में चुनाव होता है, वहां पर लोग भारतीय जनता पार्टी को सिर आंखों पर बैठाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले 12 सालों में बहुत ही ज्यादा तरक्की की है, जगह जगह सड़कें और पुल बनाकर के यातायात को सुगम बनाया गया है। आज पूरा भारत देश सड़कों की वर्णमाला में पिरोया गया है। देश में आप कहीं भी जाओगे तो बड़े बड़े नेशनल हाईवे बनाए गए हैं जो एक राज्य से दूसरे राज्य को जोड़ते हुए पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरो रहे हैं। लीलाराम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास नीति के तहत काम करती है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व विधायक फूल सिंह खेड़ी, रामकुमार नैन, बलजीत पूर्व सरपंच, रामनिवास ,सुभाष वाल्मीकि, दरबारा वाल्मीकि, सोनू, सोहनलाल, सुखविंदर, सुरेश गोपेरा, कुकी, विशाल, मेशा राम, अमन मलिक, दलबीर, प्रताप सिंह, नफे सिंह , बिट्टू , जिले सिंह , काला नंबरदार, लोकेंद्र मानस, राजीव मानस, टिण्डा मानस, शेर सिंह मानस, सोनू, रमेश गोपेरा सहित दर्जनों लोगों ने भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ।

### नशीली गोलियां सप्लाई के मामले में दूसरा सप्लायर दबोचा

**कैथल।** 4380 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामदगी मामले में त्वरित कार्रवाई दौरान स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा दुसरा सप्लायर को भी काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 मई को स्पेशल डिटैक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई शमशेर सिंह की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर सिरसा ब्रांच नहर पटरी पर गांव चंदाना की तरफ नाकाबंदी दौरान मोटरसाइकिल आए आरोपी गांव सांघन निवासी बिन्टु को काबू किया गया था। जिसके के कब्जे में पॉलिथीन से लोराजेपम नामक टेबलेट के 146 पत्तो से कुल 4380 गोलियां बरामद हुई थी। थाना तितरम में मामला दर्ज करके आगामी जांच एएसआई तरसेम कुमार द्वारा करते हुए आरोपी बिंटु से पूछताछ उपरांत बिंटु ने कबूल किया कि उसको यह नशीली गोलियां गांव नरड़ निवासी राहुल द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। एएसआई तरसेम की टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी नरड़ निवासी राहुल को पुराना बस अड्डा कैथल के पास से काबू कर लिया गया। आरोपी राहुल से रिमांड अवधि दौरान पूछताछ में राहुल ने कबूल किया कि उसको यह नशीली गोलियां आरोपी गांव डूमरखां जिला जींद निवासी सुशील कुमार द्वारा उपलब्ध करवाई थी। जिसके बाद एएसआई तरसेम की टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी गांव डूमरखां जिला जींद निवासी सुशील कुमार को उसके गांव डूमरखां से काबू कर लिया गया। मंगलवार को आरोपी राहुल को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# 80 लाख रुपये ठगी के मामले में आरोपी दबोचा

- कोर्ट के आदेश पर आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



जमीन बेचने के नाम पर 80 लाख ठगी मामले में इकनॉमिक सैल द्वारा एक आरोपी को काबू करके 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव डयोढखेड़ी निवासी शीशपाल व जोगिंद्र की शिकायत अनुसार वह दोनों भूमि खरीदना चाहते थे। जो डीलर का काम करने वाले खेड़ी निगरा पटियाला पंजाब निवासी कर्मजीत, समाना पंजाब निवासी जोगिंद्र सिंह व अंग्रेज सिंह उनसे मिले व कई गांव में जमीन दिखाई । उन्होने उन्हे गांव शादीपुर तहसील गुहला में 50 कनाल 15 मरले भूमि दिखाई। जो भूमि उन्हें पसंद आ गई। डीलरों द्वारा उन्हे जमीन के मालिक कहकर गांव पलौंदिया जिला पटियाला पंजाब निवासी अमरजीत सिंह व कमलजीत सिंह से मिलवाया और कहा कि यह जमीन इनकी है। 37 लाख 75 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से उनका सौदा तय हो गया। 12 मार्च को 60 लाख रुपए बयाना देकर इकरारनामा करवा दिया गया।

# आरकेएसडी कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क एडमिशन रजिस्ट्रेशन सुविधा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। जानकारी देते कालेज के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं विद्यार्थी हितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए महाविद्यालय परिसर में आधुनिक कंप्यूटर सेल की स्थापना की है। इस विशेष कंप्यूटर सेल का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया से संबंधित सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक सहायता एक ही स्थान पर निःशुल्क उपलब्ध करवाना है। महाविद्यालय में स्थापित "कॉलेज रजिस्ट्रेशन कंप्यूटर सेल के माध्यम से विद्यार्थियों को डीजीएचई हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, आवेदन पत्र भरने, दस्तावेज़ अपलोड करने, विषय चयन, आवेदन सत्यापन, ई-मेल एवं मोबाइल नंबर अपडेट करने जैसी सुविधाओं में प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं का तुरंत समाधान भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस सुविधा के अनुसार किसी भी छात्र को बाजार में बाहर जाने और पंजीकरण के लिए शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही उन्हें पंजीकरण फार्म भरने के लिए बाजार में कंप्यूटर केंद्रों पर जाने की भी जरूरत नहीं पडेगी।

# लंबित मामले तय समय में निपटाएं अधिकारी : डीसी

- राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। डीसी अपराजिता राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

डीसी अपराजिता ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर पेपरलेस रजिस्ट्री, इंतकाल, निशानदेही, कोर्ट केस, टोकन तथा अन्य लंबित राजस्व मामलों की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निपटान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीसी अपराजिता ने नागरिकों को पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री स्तर पर डैशबोर्ड के माध्यम से लंबित मामलों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करें। निशानदेही मामलों की समीक्षा के दौरान डीसी ने निर्देश दिए कि लंबित मामलों में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित किया जाए। वहीं इंतकाल के पुराने लंबित मामलों का जल्द निपटान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# विद्यार्थियों को नर्सिंग सेवा का महत्व बताया

- राजकीय कन्या वमावि में नर्सिंग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर केक काटकर फ्लोरेंस नाइटिंगेल को श्रद्धांजलि देते विद्यार्थी व स्टाफ।

शहर के पीएम श्री राजकीय कन्या वमवि में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस बड़े उत्साह, सम्मान और जागरूकता के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों को नर्सिंग सेवा के महत्व, मानवता की सेवा में नर्सों की भूमिका तथा आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन एवं योगदान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि हर वर्ष 12 मई को फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया जाता है। क्रीमिया युद्ध के दौरान फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने घायल सैनिकों की दिन-रात सेवा कर अस्पतालों में स्वच्छता, अनुशासन और बेहतर देखभाल की व्यवस्था लागू की, जिससे हजारों सैनिकों का जीवन बचाया जा सका। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल को "लेडी विद द लैंप" के नाम से जाना जाता है, क्योंकि वे रात के समय दीपक लेकर मरीजों की सेवा करती थीं। उनके प्रयासों से नर्सिंग को एक सम्मानजनक एवं संगठित पेशे के रूप में पहचान मिली और आधुनिक नर्सिंग शिक्षा की नींव रखी गई।



राजौंद। समग्र शिक्षा विभाग की बैठक में दिशा–निर्देश देते डीपीसी राजेंद्र आजाद।

### राजौंद को आदर्श ब्लॉक बनाने का लक्ष्यः डीपीसी

**राजौंद।** खंड राजौंद में समग्र शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन मंगलवार को जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) कैथल राजेंद्र आजाद एवं खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में शिक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा,विद्यालय से बाहर बच्चों की स्थिति,मध्यान्ह भोजन योजना,विद्यालयों में शौचालय व पेयजल सुविधाएं,बिजली व्यवस्था, नामांकन,यू-डायस प्रगति, अपार पहचान पत्र,ड्रॉप बॉक्स,विद्यालय भवनों की स्थिति,उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान डीपीसी राजेंद्र आजाद ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागीय कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। उन्होंने मुख्यालय स्तर से मांगी जाने वाली सूचनाओं को समय पर, सही एवं प्रमाणिक रूप से उपलब्ध करवाने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने विद्यालय प्रमुखों से कहा कि स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं का सही रख-रखाव सुनिश्चित करना उनका नैतिक दायित्व है। साथ ही सभी अध्यापकों से जिम्मेदारी एवं आत्मीयता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# अमर शहीद ऋषि पाल सेना मेडल को स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की

- वीर योद्धा की शुरवीरता को देख सेना मेडल से नवाजा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




कैथल। अमर शहीद ऋषि पाल को श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक और विद्यार्थी।

चरार-ए- शरीफ जो सुफी दरगाह एवं नन्द ऋषि दरगाह के नाम से विश्व प्रसिद्ध जिला बड़गांव जम्मू कश्मीर में है। वहां पर दिसंबर 1994 में सर्दियों का बहाना लेकर आतंकवादी संगठन रहने लगे और वहां पर कब्जा कर लिया। यहां पर सेना व अर्धसैनिक बलों ने दरगाह को चारों तरफ से घेर लिया और 6 मास तक हर रोज फायरिंग चलती रही ,लेकिन 10 और 11 मई 1995 को आंतकियों ने दरगाह, बस्ती इलाका ,प्राचीन मंदिर आदि में आग लगा दी क्योंकि, वो सेना का ध्यान भटका कर पहाड़ी इलाकों में नालों के रास्ते से निकलना चाहते थे।

11मई की रात को यानी प्रातः 12 मई को हमारी सेना ने आतंकवादियों पर ताबड़ तोड़ हमले किए और वो रात के अंधे का फायदा उठाकर भागते हुए सैनिकों की तरफ भी जबरदस्त हमले कर रहे थे। इस हमले में वीर योद्धा लांस नायक ऋषि पाल 7 जाट रेजीमेंट ने भी अपनी वीरता का परिचय देते , आतंकवादियों को ढेर किया और दरगाह को आतंकवादियों से मुक्त करवाया। भीषण मुठभेड़ में लांस नायक ऋषिपाल ने अपनी वीरता का परिचय देते वीर योद्धा ने सर्वोच्च बलिदान दिया, इस अमर वीर योद्धा की शुरवीरता को देखते सेना मेडल से नवाजा गया।



कैथल। महर्षि कश्यप जयंती का न्योता देते समाज के लोग।

### ऐतिहासिक होगा महर्षि कश्यप जयंती समारोह

**कैथल।** इंद्री से विधायक एवं हरियाणा विधानसभा में चीफ व्हीप राम कुमार कश्यप ने कहा कि 24 मई को कैथल में आयोजित होने वाला महर्षि कश्यप जयंती समारोह ऐतिहासिक होगा। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग भाग लेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। विधायक रामकुमार कश्यप महर्षि कश्यप जयंती को लेकर गांवों का दौरा कर लोगों को निमंत्रण दे रहे थे। उन्होंने मंगलवार को गांव पीड़ल, समाधां का दौरा किया। साथ ही लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में समारोह के लिए गठित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक भी ली। जिसमें अब तक की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने संत महापुरुष विचार प्रसार एवं सम्मान योजना चलाई हुई है। जिसमें सभी महापुरुषों की जयंतियां सरकार द्वारा मनाई जाती हैं। इसी कडी में कैथल में 24 मई को महर्षि कश्यप जयंती भी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर डा. शीशपाल कश्यप, सतबीर कश्यप भुना, रवि कश्यप सरपंच भुना, मैनेजर कश्यप, रोहताश कश्यप, अमरजीत कश्यप, जगदीश कश्यप, दिनेश सरपंच, पाला राम कश्यप आदि मौजूद रहे।

### गांव स्तर पर गठित होंगी कमेटियां, प्रत्येक पंचायत चुनेगी रोल मॉडल दो बेटियां

# प्यारी बेटियां-डीसी की बेटियों के सम्मान में नई पहल

**डीसी की अगुवाई में सफलता के लिए प्रेरित किया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। डीसी अपराजिता ग्रामीणों को सम्मानित करते हुए।

डीसी अपराजिता ने स्टंबल लैब के बाद एक ओर नई पहल शुरू की है। प्यारी बेटियां नाम की इस पहल में प्रत्येक गांव से दो रॉल मॉडल बेटियों का चयन किया जाएगा। जिन्होंने किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की हो और गांव या परिवार का नाम रोशन किया हो। इन बेटियों को डीसी अपराजिता की अगुवाई में सफलता के लिए प्रेरित किया जाएगा और जिले की एक कोर टीम का गठन किया जाएगा।

यह निर्देश डीसी अपराजिता ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिले के दस सबसे अच्छे लिंगानुपात वाले और दस सबसे खराब लिंगानुपात वाले गांवों के सरपंचों के साथ हुई बैठक में जारी किए। बैठक में सरपंचों के साथ हुई चर्चा के बाद फैसला लिया गया कि जिले में अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही बेटियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। डीसी ने कहा कि जिले में इस साल का अब तक का लिंगानुपात चार माह में 890 है, जो चिंताजनक है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने सरंपंचों के साथ संवाद स्थापित करते हुए कहा कि वे स्वयं जिले में बतौर डीसी काम कर रही हैं, सीएमओ महिला हैं। इसी तरह से बेटियां आज हर क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर रही हैं। बेटियां किसी से भी कम नहीं हैं।

#### हर गांव से होगा प्यारी बेटियों का चयन

*डीसी अपराजिता ने कहा कि जिले में प्यारी बेटियां एक योजना चलाई जाएगी। जिसमें सरपंच गांव की उन दो बेटियों का चयन करेंगे, जिन्होंने किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट सफलता हासिल की हो। इस तरह हर गांव से ऐसी बेटियों का चयन होगा। इन बेटियों की जिले में एक कोर टीम का गठन किया जाएगा। अलग-अलग विभागों की जानकारी देकर इन बेटियों को सफलता के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही ये बेटियां गांव में अन्य बेटियों और लोगों प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगी।*

#### इन गांवों में 1000 से अधिक लिंगानुपात

जिले में गांव ककहेड़ी, ग्योंग, खरकां, फतेहपुर, कैलरम, बरटा, खरक पांडवा, हाबड़ी, मटौर और काकौत में लिंगानुपात 1000 से अधिक है। डीसी ने इन सभी गांवों के सरपंचों को शुभकामनाएं दीं और जिन दस गांवों में लिंगानुपात कम है, उन सभी गांवों के सरपंचों का भी आह्वान किया कि वे गांव में लिंगानुपात में सुधार करने में सहयोग करें। लोगों को समझाएं। यदि कहीं कोई भ्रूण हत्या करने का प्रयास करता है, उसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने अलेवा बीडीपीओ में सुनी लोगों की समस्याएं

**अलेवा।** अलेवा बीडीपीओ कार्यालय में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान के लिए उचाना के एसडीएम रमित यादव की अगुवाई में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार ओंकार दत्त शर्मा सिंह ने की। इसमें मुख्य तौर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन रामपाल शर्मा व वाइस चेयरमैन शमशेर सैनी नगूरां ने हिस्सा लिया। शिविर में पेंशन से संबधित, फैमिली आइडी, पीने के पानी व राशन कार्ड कटने समेत कुल 15 शिकायतें आई। इनमें से कुछ समस्याओं का सबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर मौके पर समाधान कराया गया।

### सर्राफ दुकान से चांदी के जेवरात व दानपात्र चोरी

**कैथल।** गांव भागल में चोरों ने एक सर्राफ की दुकान से चांदी के जेवरात व गोशाला का दानपात्र चोरी कर लिया। शिकायत में गांव भागल के प्रवीन कुमार ने बताया कि 10 मई को दोपहर करीब पौने तीन बजे वह खाना खाने के लिए घर गया था। करीब 10 मिनट बाद जब वापस दुकान पर पहुंचा तो दुकान से गोशाला का दानपात्र गायब मिला, जिसमें करीब 700 से 800 रुपए थे। इसके अलावा काउंटर में रखी दो चांदी की चेन और प्लास्टिक की पन्नी में रखी करीब 15 जोड़ी चांदी की चुटकियां भी चोरी मिलीं।

### गोदाम से 7 गेहूं के कट्टे चोरी के 2 आरोपी काबू

**कैथल ।** थाना पुंडरी क्षेत्र से गेहूं के कट्टे चोरी करने के मामले में चौकी पुंडरी पुलिस के एचसी गौरव की टीम द्वारा आरोपी गांव फतेहपुर निवासी रवि कुमार व गौरव को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खाद्य एवं पूर्ति विभाग पुंडरी के निरीक्षक अश्विनी कुमार की शिकायत अनुसार 9 मई की रात को गोदाम में स्टॉक से 7 कट्टे गेहूं के अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा 5 कट्टे गेहूं के कट्टे व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई।

### किशोरी ने बहन के देवर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**कैथल।** जिले के एक गांव की 16 साल की किशोरी ने बहन के देवर पर दुष्कर्म कर सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी उसे एक कैफे में ले गया, जहां उसके मर्जी के खिलाफ जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म किया। किशोरी की शिकायत के बाद महिला थाना कैथल महिला थाना पुलिस को दी शिकायत में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एक गांव निवासी किशोरी ने बताया कि वह शहर के एक कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में पढ़ाई कर रही है। उसकी बड़ी बहन की शादी कैथल के एक गांव में हुई है। उसकी बहन के देवर कशिश का उनके घर पर आना-जाना था। जुलाई 2024 में जिस समय वह स्कूल में पढ़ रही थी तो उस समय आरोपी उसे बहला फुसला कर कैथल के एक कैफे में ले गया।

### हड़ताल के चलते कैथल में सफाई व्यवस्था चरमराई

**कैथल।** शहर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल ने शहर की सूरत बिगाड़ कर रख दी है। आलम यह है कि शहर की मुख्य सड़कों पर अब वाहनों से ज्यादा कूड़े के ढेर नजर आ रहे हैं। सफाई कर्मचारियों ने नगर परिषद प्रशासन और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जोरदार प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। हैरानी की बात यह है कि जिस नगर परिषद के कंधों पर पूरे शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी है, उसी के मुख्य गेट के सामने कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। गेट के ठीक सामने गंदा पानी जमा हो गया है, जिससे आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर परिषद चेयरपर्सन और ठेकेदार पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं।

### ऑक्सीजन प्लांट के साथ बनाए गए कमरे में इंस्टॉल होगा बूस्टर

# नागरिक अस्पताल में बूस्टर का काम शुरू, वेंटिलेटर की मिलेगी सुविधा

- पिछले पौने दो साल से बंद पड़ा है ऑक्सीजन प्लांट
- बूस्टर लगने से अस्पताल में चलेगा आईसीयू व वेंटिलेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में नई बिल्डिंग के पास स्थापित किए गए पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के लिए आए बूस्टर को इंस्टॉल करने का काम शुरू हो गया है। प्लांट के पास ही साढ़े तीन बाय सात का एक कमरा तैयार किया गया है। जिसमें यह बूस्टर इंस्टॉल किया जाएगा। बूस्टर लगने के बाद से प्लांट में बनने वाली ऑक्सीजन बूस्ट होगी और इसे पहले से ज्यादा प्रेशर से ऑक्सीजन प्वायंटों तक भेजा जा सकेगा। जिससे अस्पताल में आईसीयू भी चलाया जा सकेगा। इससे पहले पीएसए ऑक्सीजन प्लांट से वेंटिलेटर नहीं चलाया जा सकता था। अब बूस्टर लगने के बाद इस प्लांट से वेंटीलेटर भी चलेगा। बाकायदा ऑक्सीजन सिलिंडर भी भरे जा सकेंगे। वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री केयर फंड से ऑक्सीजन प्लांट लगा था गौरतलब है कि कोरोना की लहर थी तब ऑक्सीजन की बहुत ज्यादा आवश्यकता महसूस हुई थी। इसे लेकर अस्पताल में नई बिल्डिंग के सामने वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री केयर फंड से ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था। कुछ समय तक इस ऑक्सीजन प्लांट ने ठीक से काम किया लेकिन पिछले पौन दो साल से यह खराब है। इस ऑक्सीजन प्लांट की सर्विस होनी थी लेकिन स्वास्थ्य विभाग के पास बजट नही था। स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य निदेशालय से बजट की मांग की है लेकिन बजट मिल नहीं पा रहा था। बाद में इस प्लांट में बूस्टर लगाए जाने की योजना क्रियान्वित हुई ताकि पहले से भी अधिक क्षमता से यहां ऑक्सीजन बूस्ट हो सके।



**जींद।** नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग के पास स्थित ऑक्सीजन प्लांट, जो बूस्टर लगने के बाद चलने लगेगा।

### ऑक्सीजन प्लांट शुरू होने से अस्पताल को फायदा होगा : पीएमओ

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि पीएसए ऑक्सीजन प्लांट के लिए मिले बूस्टर को इंस्टॉल करने का कार्य शुरू हो गया है। प्लांट के पास ही कमरे का निर्माण करवाया गया है। यहां बूस्टर व पीएसए प्लांट से संबंधित अन्य उपकरण इंस्टॉल होने के बाद पीएसए ऑक्सीजन प्लांट शुरू हो जाएगा और इसमें बनने वाली ऑक्सीजन का भी प्रेशर बढ़ जाएगा। प्लांट शुरू होने से अस्पताल को फायदा होगा। जिससे आईसीयू, वेंटिलेटर भी चलाया जा सकेगा।

### डेढ़ माह पहले अस्पताल को मिला था बूस्टर



*लगभग डेढ़ माह पहले अस्पताल को बूस्टर मिल गया था। इस बूस्टर के इंस्टॉल होने से ऑक्सीजन प्लांट से बनने वाली ऑक्सीजन बूस्ट होनी थी। बूस्टर इंस्टॉल न होने के चलते ऑक्सीजन प्लांट शुरू नही हो पा रहा था। बूस्टर इंस्टॉल किए जाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित एजेंसी से लगातार पत्राचार किया जा रहा था। गत सप्ताह संबंधित एजेंसी को वर्क ऑर्डर मिला और इसी के साथ ही लेबर के माध्यम से प्लांट के साथ ही एक कमरा बनवाना शुरू किया। कमरा बनने के बाद अब इसमें बूस्टर व अन्य उपकरण इंस्टॉल करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।*



**पूंडरी ।** विधायक सतपाल जांबा को निमंत्रण देते विधायक रामकुमार कश्यप साथ में राजकुमार कश्यप।

## विधायक रामकुमार ने दिया कश्यप जयंती का निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

महर्षि कश्यप ऋषि जयंती समारोह-2026 को लेकर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप द्वारा विभिन्न जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्य लोगों को निमंत्रण देने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में विधायक रामकुमार कश्यप ने पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा से मुलाकात कर उन्हें 24 मई को नई अनाज मंडी कैथल में आयोजित होने वाले महर्षि कश्यप ऋषि जयंती समारोह में पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस दौरान विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि महर्षि कश्यप ऋषि समाज के प्रेरणास्त्रोत हैं और उनका जीवन समाज को एकजुट होकर आगे बढने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तथा अपने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ समारोह में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाएंगे। विधायक रामकुमार कश्यप ने बताया कि 24 मई को होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे। राजकुमार कश्यप ने बताया कि समारोह को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। वहीं 23 मई को कश्यप चौपाल पूंडरी में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि रवि कश्यप, पूर्व पार्षद बलदेव कश्यप, पूर्व पार्षद लख्मी कश्यप, पूर्व पार्षद पाला राम कश्यप, पूर्व पार्षद शमशेर कश्यप, मास्टर श्याम सुंदर, जोगी राम, जयपाल, शिव कुमार, विक्रम, सोनू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**10 साल की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को पक्का करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी लंबित मांगों और सरकार की कथित बेरुखी के खिलाफ शहर में प्रदर्शन किया। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर जिला भर से आए कर्मचारी नेहरू पार्क में एकत्रित हुए। जहां रोष सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गुलाब सिंह बिरौली ने की। इसके बाद कर्मचारियों ने शहर में आक्रोश प्रदर्शन करते हुए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के माध्यम से विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक को अपना ज्ञापन सौंपा। यूनियन के नेताओं ने सरकार पर गंभीर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। जिला सचिव पवन कुमार ने बताया कि प्रदेश कि बीजेपी सरकार माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश की अनदेखी कर रही है। जिस 31 दिसंबर 2025 के आदेशानुसार 10 साल की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को पक्का किया जाना था, जिसे सरकार ने अब तक लागू नहीं किया है। उन्होंने बताया कि वेतन 24 नवंबर 2024 को मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26 हजार मासिक वेतन को एकमुश्त लागू करने के बजाय टुकड़ों में बांटने की कोशिश की जा रही है। मौके पर जिला सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष सुल्तान दुड़ाना, नूतन प्रकाश, प्रकाश चंद्र ने भी विचार व्यक्त किए।



**जींद।** धरना देकर रोष जताते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

## नर्सिंग संवेदनशील व समर्पण का कार्य: संधु

- नर्सिंग दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम से मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नर्स दिवस के अवसर पर रामा नर्सिंग कॉलेज कुतुबपुर में एक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नर्स का कोर्स कर रही सभी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। नर्स दिवस के शुभ अवसर पर सभी छात्राओं में उत्साह भरा हुआ था। इस अवसर पर सभी छात्राओं ने एक दूसरे को बधाई दी और रंगारंग प्रोग्राम पेश किए गए। रामा कॉलेज के सभी स्टाफ गणों ने सभी छात्राओं को नर्स दिवस के अवसर बधाई दी और आशा व्यक्त की की सभी छात्राएं नर्स के रूप में अपने भविष्य को उज्वल बनाएं और अपने माता-पिता के सपने को पूरा करें। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक एवं जागरूकता प्रस्तुतियों के माध्यम से नर्सिंग सेवा के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रामा कालेज के निदेशक सुभाष संधु ने कहा कि नर्सें केवल मरीजों की देखभाल ही नहीं करतीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण का भी परिचय देती हैं। उन्होंने कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल के आदर्श आज भी नर्सिंग क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। कार्यक्रम में छात्राओं ने सीपीआर, हैंड वॉशिंग प्रक्रिया एवं प्राथमिक उपचार से संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शन कर स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया। इस वर्ष की थीम "हमारी नर्सें, हमारा भविष्य : सशक्त नर्सें, सुरक्षित जीवन" पर भी प्रकाश डाला गया। संधु ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनका समर्पण समाज के लिए प्रेरणादायक है।






**कैथल।** रामा कालेज के निदेशक सुभाष संधु कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए व रामा नर्सिंग कॉलेज कुतुबपुर की छात्राएं कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## आस्ट्रेलिया भेजने पर लाखों की धोखाधड़ी का दूसरा आरोपी काबू



**कैथल।** आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों रुपए धोखाधड़ी करने के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम प्रभारी एसआई रणदीप सिंह की अगुवाई में एएसआई प्रदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव बिरखैर जिला कुरुक्षेत्र हाल भूतगढ़ जिला लुधियाना पंजाब निवासी विवेक शर्मा को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बदसूई निवासी रवि पूनिया की शिकायत अनुसार उसकी पत्नी ऑस्ट्रेलिया में स्टडी वीजा पर रह रही है। वह भी स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया जाना चाहता था। वीजा के लिए वह एजेंसी को इंस्टाग्राम पर सर्च कर रहा था। तभी उसके पास एक इंस्टाग्राम अकाउंट से संदेश आया और उसे कहा कि 6 लाख रुपये में आस्ट्रेलिया का स्टडी वीजा लगवा देंगे। वह उनकी बातों में आ गया और जरूरी कागजात उनके व्हाट्सएप पर भेज दिए। 23 जनवरी 2025 को उसके वाट्सएप पर एक वीजा भेजा गया। इसके बाद उससे ऑस्ट्रेलिया की टिकट के नाम पर 2 लाख 10 हजार रुपये ले लिए गए। पैसे लेने के बाद ना तो उसकी टिकट आई और ना ही वीजा की कापी उसको दी गई। ठग ने उसे इंस्टाग्राम और वाट्सएप से ब्लॉक कर दिया था। जिस बारे में थाना साइबर क्राइम में मामला दर्ज कर लिया गया। उक्त मामले में पहले ही एक आरोपी गांव लोहारा जिला कुरुक्षेत्र निवासी सुरेंद्र सिंह को काबू किया जा चुका हैं।

## एसपी ने किया 'साइबर दोस्त' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने "साइबर दोस्त डिजिटल ई-हैंडबुक" के नवीन संस्करण का विधिवत विमोचन किया। यह ई-हैंडबुक आधुनिक डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए तैयार की गई है। इस अवसर पर हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय चावला ने पुलिस अधीक्षक को ई-हैंडबुक की विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए संस्करण में "एक विद्यार्थी–एक परिवार साइबर जागरूकता मुहिम" को विशेष रूप से शामिल किया गया है, जिसके तहत प्रत्येक विद्यार्थी अपने परिवार व आसपास के लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। इसके साथ ही "साइबर रिस्पॉन्डर" की अवधारणा को भी विस्तार दिया गया है, ताकि विद्यार्थी साइबर अपराधों की पहचान, रोकथाम और रिपोर्टिंग के प्रति जागरूक बन सकें। डॉ. चावला ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। इसी सोच के साथ इस डिजिटल ई-हैंडबुक को इंटरैक्टिव और तकनीक आधारित स्वरूप में तैयार किया गया है। पुस्तक में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर पाठक इसे आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं तथा कहीं भी बैठकर अध्ययन कर सकते हैं।




**कैथल ।** साइबर दोस्त डिजिटल ई–हैंडबुक का विमोचन करते हुए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन। *फोटो : हरिभूमि*

## 14 व 15 मई को शोभा यात्रा से होगी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा



**कैथल।** श्री गीता भवन मंदिर सभा, कैथल द्वारा मंदिर परिसर में नवनिर्मित भगवान शिव शंकर, श्री राम दरबार एवं मां दुर्गा की दिव्य मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का दो दिवसीय आयोजन 14 व 15 मई को किया जाएगा। महंत हरीश शास्त्री, महंत रमनपुरी, महंत राघव दास शास्त्री एवं महंत ईश्वर दास के आशीर्वाद से यह महोत्सव संपन्न होगा। मंदिर सभा के प्रधान कैलाश भगत ने बताया कि सफेद संगमरमर से निर्मित भगवान शिव ध्यान मुद्रा में नेत्र खुले हुए, श्री राम दरबार व शेर पर सवार माँ दुर्गा की अति सुंदर मूर्तियां स्थापित की जा रही हैं। यह पूरे कैथल के लिए गौरव का क्षण है। शोभा यात्रा 14 मई को श्री गीता भवन मंदिर, कैथल से प्रारंभ करेगी। यह शोभा यात्रा श्री गीता भवन मंदिर से होते हुए कमेटी चौक, पार्क रोड, पेहवा चौक, पुराना बस अड्डा, छात्रावास रोड, शहीद भगत सिंह चौक, चंदाना गेट, प्रताप गेट, डोगरा गेट, सीवन गेट, हिंद सिनेमा, क्योड़क गेट व कमेटी चौक से वापस श्री गीता भवन मंदिर में आकर सम्पन्न होगी। प्रधान कैलाश भगत ने बताया कि शहर की सभी धार्मिक, सामाजिक संस्थाएं एवं 36 बिरादरी शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा, जलपान व आरती कर भव्य स्वागत करेंगी।

## राजौंद में सफाई कर्मचारियों के धरने को इनेलो का समर्थन




**राजौंद ।** राजौंद में नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा जारी धरने को इनेलो ने खुलकर समर्थन दिया। इनेलो ओबीसी मोर्चा के जिला प्रधान सोनू वर्मा ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा के निर्देशानुसार पूरे हरियाणा में इनेलो द्वारा धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों का समर्थन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 से 12 दिनों से सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार उनकी समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2020 में जींद में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को भी आज तक लागू नहीं किया गया है। सोनू वर्मा ने कहा कि सफाई कर्मचारी तपती दोपहर में भी अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं, लेकिन सरकार के कानों तक उनकी आवाज नहीं पहुंच रही। उन्होंने स्पष्ट किया कि इनेलो हमेशा मजदूर वर्ग और सफाई कर्मचारियों के साथ खड़ी है और यदि भविष्य में कोई बड़ा आंदोलन होता है, तो पार्टी का हर कार्यकर्ता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा।

**राजनीति** | चेयरपर्सन सुषमा देवी के खिलाफ 14 मई को अविश्वास प्रस्ताव पर होगी बैठक

# पंचायत समिति पूंडरी में गरमाई सियासत, 20 सदस्यों ने की थी बैठक की मांग

**जनवरी 2025 में चेयरपर्सन के लिए लाया गया था अविश्वास प्रस्ताव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पंचायत समिति पूंडरी की राजनीति एक बार फिर गर्मा गई है। चेयरपर्सन सुषमा देवी के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 14 मई को पंचायत समिति सभागार में अहम बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में एडीसी डॉ. सुशील कुमार द्वारा आधिकारिक नोटिस जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार पंचायत समिति पूंडरी के 20 सदस्यों ने चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान के लिए बैठक बुलाने की मांग की थी। इसके बाद हरियाणा पंचायती राज नियम, 1995 की धारा 123 के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए 14 मई 2026 को सुबह 11 बजे बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। पूंडरी पंचायत समिति की राजनीति पिछले कई वर्षों से लगातार चर्चाओं में रही है। अक्तूबर 2022 में हुए पंचायत समिति चुनाव में कुल 26 सदस्य चुने गए थे। उस समय पूर्व विधायक रणधीर सिंह के नेतृत्व में महेंद्रो देवी को चेयरपर्सन बनाया गया था, जिन्हें 19 सदस्यों का समर्थन मिला था। इसके बाद क्षेत्र की राजनीति में बड़ा बदलाव उस समय देखने को मिला जब विधायक सतपाल जांबा के नेतृत्व में जनवरी 2025 में तत्कालीन चेयरपर्सन महेंद्रो देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। उस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद सुषमा देवी को नया चेयरपर्सन चुना गया था। अब एक बार फिर पंचायत समिति की राजनीति में बड़ा उलटफेर देखने को मिल सकता है, क्योंकि सुषमा देवी के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। ऐसे में पूरे क्षेत्र की निगाहें 14 मई को होने वाली बैठक पर टिकी हुई हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज है और हर कोई इस बात को लेकर उत्सुक है कि अविश्वास प्रस्ताव सफल होगा या फिर सुषमा देवी कुर्सी बचाने में कामयाब रहेंगी। अविश्वास प्रस्ताव को सफल बनाने के लिए 26 में से कम से कम 18 सदस्यों का समर्थन आवश्यक होगा। यदि प्रस्ताव पारित नहीं होता है तो नियमों के तहत सुषमा देवी अगले एक वर्ष तक चेयरपर्सन पद पर बनी रहेंगी। उल्लेखनीय है कि पंचायत समिति पूंडरी का चेयरपर्सन पद महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।



**पूंडरी ।** पंचायत समिति पूंडरी कार्यालय का बाहरी दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

### समर्थकों के बीच बैठकों का दौर जारी

*बैठक को लेकर पंचायत समिति सदस्यों, राजनीतिक नेताओं और समर्थकों के बीच लगातार बैठकों और चर्चाओं का दौर जारी है। आने वाले दिनों में पंचायत समिति की राजनीति में और भी हलचल बढने की संभावना जताई जा रही है।*